राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 04.07.2025 को राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास(Orientation)कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम संचालन डॉ. सुनीता शर्मा (सहायक प्रोफेसर हिंदी) द्वारा किया गया। डॉ. सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों-उपनियमों, पाठ्यक्रम संबंधी तथा अन्य सांस्कृतिक एवं अकादमिक गतिविधियों, एन.एन.एस., एन.सी.सी. एवं विभिन्न कल्बों, मूल्यांकन प्रणाली, छात्रवृत्ति योजना, रैगिंग संबंधी प्रावधान, विविध आयोजनों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात समस्त प्राध्यापक वर्ग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन किया गया। तदोपरांत प्राचार्या महोदया डॉ. हरप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत में लगभग 25% विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्हें उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होता है, अतः आप सभी जिस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु इस महाविद्यालय में आए हैं उसके लिए पूर्ण लग्न से प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध समस्त विषयों, क्रेडिट प्रणाली, गतिविधियों एवं कल्बों की जानकारी प्रदान की तथा को महाविद्यालय में समय-समय पर होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया और महाविद्यालय के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर मेहनत, लग्न एवं अभ्यास की आवश्यकता होती है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हेतराम, डॉ. सुदर्शना शर्मा, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. ममता शर्मा, डॉ. मिलनप्रीत, प्रो. रीनू शर्मा, प्रो.राहुल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के पुनीत स्वर के साथ हुआ।